RAF SECTOR

NEWS CLIP

17/09/2020

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Anant News , Jaipur (R.J)

वृक्षारोपण के साथ महिलाओं को दी प्रौढ़ शिक्षा की जानकारी

अंनत न्युज राजस्थान

जयपुर के आमेर में लालवास स्थित सीआरपीएफ की रैपिड एक्शन फोर्स 83 बटालियन में कल्याण केन्द्र (कावा) की ओर से भारत सरकार एवं महानिदेशालय केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल नई दिल्ली के निर्देशानुसार कमांडेंट प्रवीण कुमार सिंह के नेतृत्व में प्रौढ़ शिक्षा एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 15 से 21 सितम्बर तक चलेगा। सर्वप्रथम कावा अध्यक्षा जागृति सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारीगणों, अधीनस्थ अधिकारीगणों और कार्मिकों के परिवारगणो तथा कैम्पस के आसपास के क्षेत्र की महिलाओं का कार्यक्रम में उपस्थित होने के लिए आभार व्यक्त किया। केन्द्र सरकार द्वारा चलाई गई प्रौढ़ शिक्षा प्रणाली के तहत शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रेरित किया एवं वृक्षारोपण किया।

कार्यक्रम के दौरान जागृति सिंह ने प्रौढ़ शिक्षा के महत्व को समझाते हुये बताया कि प्रौढ़ शिक्षा का उद्देश्य अनपढ़ वृद्ध महिलाओं एवं पुरुषों में शिक्षा के प्रति चेतना एव जागृति विकसित करना है जिससे वे शिक्षा के महत्व को समझ सकें। साथ ही उन वृद्ध व्यक्तियों को शैक्षिक विकल्प देना है जो औपचारिक शिक्षा आयु पार कर चुके है और साक्षरता, शिक्षा, कौशल विकास एवं अन्य रोजगार संबंधी शिक्षा की आवश्यकता का अनुभव करते है। उन्हें इतना शिक्षित करना है कि ये लिख पढ़ सके. स्वयं का हस्ताक्षर कर सके और सामान्य जीवन का हिसाब-किताब कर सकें। प्रौढ़ शिक्षा के लाभार्थियों को केवल अक्षर ज्ञान प्राप्त करा देना ही पर्याप्त नही है बल्कि उन्हें जनकल्याणकारी कार्यक्रमों जैसे परिवार नियोजन, वृक्षारोपण, पर्यावरण प्रदूषण स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक करना भी है। सिंह ने शुद्ध पर्यावरण में पेड़ों की महत्ता को समझाते हुये बताया कि पेड़ हमें खुशहाल जीवन व्यक्ति करने के लिए छाया ही नही बल्कि हमारे जीवन में वृक्षों का महत्वपूर्ण स्थान है। पेड़ पौधे मनुष्य को अनाज, जड़ी-बूटी, फल फूल. इधन, लकड़ी उपलब्ध करवाने के साथ साथ मनुष्यों एवं प्राणियों को शुद्ध वातावरण प्रदान करते है। साथ ही प्रेरित किया कि हर व्यक्ति को प्रतिवर्ष कम से कम एक पेड़ लगाना चाहिए एवं दुसरों को भी पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करना चाहिए जिससे प्रकृति एवं वन्य जिवों के आवास को भी बचाने के साथ प्रकृति के सौन्दर्यकरण के साथ पर्यावरण को स्वच्छ बनाया जा सके। कार्यक्रम में कावा अध्यक्षा जागृति सिंह के साथ सपना महला पायल, उषा देवी के साथ अधिकारियो व कार्मिकों के परिवारजनों, सहायक कमाण्डेन्ट मीठा लाल मीणा, उप निरीक्षक तारावती जाट और कैम्पस के आस-पास के क्षेत्र की महिलाएं उपस्थित रही।

Dainik Navjyoti , Jaipur (R.J)

फिट इंडिया फ्रीडम रन में दौड़ा यूथ

नवज्योति, जयपुर। रामगढ़ रोड स्थित 83 बटालियन द्रुत कार्य बल में बटालियन कल्याण केन्द्र (कावा) की ओर से केन्द्रीय खेल मंत्रालय और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निदेशालय कमांडेंट प्रवीण कुमार सिंह के नेतृत्व में बुधवार को फिट इंडिया फ्रीडम रन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पहले कावा अध्यक्ष जागृति सिंह ने उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों और उनके परिजनों को कार्यक्रम में आने के लिए आभार जताया। कार्यक्रम में सिंह ने केन्द्र सरकार की ओर से चलाई गई फिट इंडिया फ्रीडम रन योजना से अवगत कराते हुए बताया कि यह योजना 15 अगस्त से दो अक्टूबर तक चलाई जा रही है।

Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।